# सुघ्घर पढ़वईया

## दक्षता आधारित प्रशिक्षण संदर्शिका

## सामाजिक विज्ञान

## कक्षा 6



राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़

| कक्षा :- 6वीं | विषय:- सामाजिक विज्ञान |
|---|---|


**दक्षता - 1**


अक्षांश, देशातंर रेखाओं, ध्रुव, भूमध्यरेखा आदि को ग्लोब में पहचान पाता है।

**सुझावात्मक गतिविधि**

1. शिक्षक ग्लोब दिखाते हुए प्रश्न करेंगे– आपको इसमें क्या-क्या दिखाई दे रहा है? इस गोलाकार आकृति के बारे में शिक्षक उसकी विशेषताएं बताएंगे।
   - शिक्षक एक बड़ा सा गोलाकार वस्तु या गेंद ले सकते हैं तथा उसके बीचों-बीच लकड़ी, सुई या अन्य चीजें डालें व उसमें आड़ी व खड़ी पेपर की कटिंग चिपकाएँ। ऊपर से नीचे घुमाएँ यह कार्य बच्चों की सहायता से या समूह में बाँटकर करवा सकते हैं।





2. शिक्षक बच्चों को ग्लोब दिखाकर आड़ी लकीर, खड़ी लकीर को बताते हुए अंक्षाश, देशांतर, उत्तरी ध्रुव, दक्षिणी ध्रुव, भूमध्यरेखा समझा कर प्रश्न कर सकते हैं तथा चित्र विडियो के माध्यम से भी समझा सकते हैं। https://youtu.be/Eamnm_853D8

**दक्षता – 2**

अपने चारों ओर मानव विविधता, समानता, असमानता के बीच अंतर कर पाता है।

**सुझावात्मक गतिविधि**







1. शिक्षक द्वारा चित्र को दिखाते हुए प्रश्न करना है, इसमें क्या-क्या दिखाई दे रहा है?
   - लड़के व लड़कियों के द्वारा खेले जाने वाले खेलों की सूची बनवाईये तथा अंतर पर चर्चा करेंगे।
   - आपके घर में माता-पिता, दादा-दादी तथा अन्य सदस्यों के कार्यों की तुलना कर सूची बनाने कहेंगे।
2. विभिन्न विभागों में कार्य करने वाले जैसे- जज, वकील,डॉक्टर, टीचर, किसान, मजदूर, पुलिस आदि का चित्र एकत्र कर चिपकाये या बनवा सकते हैं। चित्र, नाटक, विडियो एवं नारे के माध्यम से भी बनवाया जा सकता है।

**दक्षता - 3**

**प्रारंभिक मानव संस्कृतियों की विशेषताओं की पहचान कर पाता है।**

**सुझावात्मक गतिविधि**

1.

- चित्र व विडियो के माध्यम से भी छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्यौहार से संबंधित लोक गीत, लोक नृत्य भी दिखा सकते हैं। जिससे प्रारंभिक मानव (संस्कृति) को समझा सकते हैं।





- शिक्षक बच्चों का समूह बनाकर अलग-अलग उत्सव (पर्व) में किए जाने वाले नाच-गान करवाकर उसे प्रारंभिक मानव की संस्कृति से जोड़ सकते हैं।

2.







प्राचीन औजार एवं आधुनिक औजार के बारे में अंतर बताएंगे।

- शिक्षक द्वारा बच्चों को समूह में बाँटते हुए प्रारंभिक मानव (आदिमानव) से संबंधित अलग- अलग कार्य दे सकते हैं जैसे - चित्र एकत्र करवाना, जंगल से प्राप्त वस्तुओं की सूची औजारों का चित्र, शैल चित्र, आपके भोजन व आदिमानव भोजन में अंतर की सूची, खिलौना निर्माण, आदि कार्य करवा सकते हैं।
- इससे संबंधित और भी प्रश्न पूछ सकते हैं।

**दक्षता - 4**

भारत के राज्यों, पड़ोसी देशों एवं भारत की भौगौलिक विशेषताओं (पर्वत,पठार,मैदान आदि) को मानचित्र में जानता है एवं अंकित कर पाता है।

**सुझावात्मक गतिविधि**

1.



- भारत के मानचित्र को दीवार पर लगाकर बच्चों से प्रश्न पूछ सकते हैं भारत के उत्तर - दक्षिण, पूर्व-पश्चिम में कौन-कौन से राज्य है और साथ ही पड़ोसी देशों के नाम पूछेंगे।
- शिक्षक द्वारा बच्चों को समूह में बाँटकर राज्यों एवं पर्वतीय देशों की सूची बनाने कहेंगे।

2. भारत के प्राकृतिक नक्शे में बच्चों से पर्वत, पठार, मैदान को रंगों के माध्यम से प्रश्न पूछेंगे जैसे -

- पर्वत – कत्था रंग
- पठार - पीला रंग
- मैदान - हरा रंग

## दक्षता - 5

स्थानीय स्तर पर शासन की भूमिका का वर्णन कर पाता है।

### सुझावात्मक गतिविधि








1. चित्रों के माध्यम से शिक्षक स्थानीय स्तर पर शासन की भूमिका के कार्य से संबंधित प्रश्न पूछेंगे।
    - बच्चों को रोल प्ले (सफाई-कार्य, सड़क पानी व्यवस्था, बिजली, मेला, मनोरंजन के साधन) एवं विडियो के माध्यम से बच्चों से प्रश्न पूछेंगे।
2. आपके गाँव/शहर में विगत 3 कार्यकालों में निर्वाचित सदस्यों के नाम एवं उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों की जानकारी बच्चों से एकत्र करवाएँ एवं बच्चों से सूची तैयार करवाएँ।

# सुघ्घर पढ़वईया

## दक्षता आधारित प्रशिक्षण संदर्शिका

## सामाजिक विज्ञान

## कक्षा 7



राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़

| 7वीं | विषय:- सामाजिक विज्ञान |
| --- | --- |

**दक्षता – 1**

प्राकृतिक आपदाओं से परिचित है। बाढ़, भूकंप एवं सूखा को समझता है।

**सुझावात्मक गतिविधि**

1. बच्चों को चित्र दिखाकर प्रश्न पूछें कि बाढ़ और सूखे में क्या-क्या अंतर है?



बाढ़



सूखा

- बाढ़ एवं सूखा आने के क्या कारण है।
- बाढ़ से होने वाली  हानियों के बारे में प्रश्न करेंगे।
- सूखी जमींन की पहचान कैसे करेंगे।
- बाढ़ एवं सूखा से बचने के कौन-कौन से उपाय है।

2. शिक्षक एक बर्तन लेंगे। उसे जल से भरकर ढक्कन से बंदकर जल गर्म करने के लिए रख दे। ढक्कन के ऊपर अनाज के कुछ दाने या ठोस छोटी वस्तु (चम्मच) को रखी गई जल में उबाल आने पर वस्तु हिलने लगता है उनमें कंपन होने लगता है इसी प्रकार पृथ्वी पर भूंकप आते हैं।




- चित्र के माध्यम से भूंकप से संबंधित बचाव के बारे में प्रश्न पूछेंगे ।

**टीप:-** शिक्षक द्वारा इसी प्रकार अन्य गतिविधि भी करायी जा सकती है ।

**दक्षता – 2**

वायु, जल, वनस्पति और जीव के संरक्षण की जरूरत को समझता है एवं उन पर प्रश्न भी पूछ पाता है।

**सुझावात्मक गतिविधि**

1. बच्चों को चित्र दिखाकर शिक्षक द्वारा प्रश्न पूछे जाएँगे कि हवा एवं पानी का क्या-क्या उपयोग हो रहा है।







2. बच्चों को अभ्यारणय भ्रमण के दौरान वनस्पतियाँ और जीवों के सरंक्षण से सम्बधित छोटे-छोटे प्रश्न भी कर सकते है तथा जानवरों एवं वनस्पत्तियों की सूची बनाने को कहेंगे जैसे -

- पेड़ पौधे हमारे लिए क्यों जरूरी है।
- इससे हमें क्या-क्या लाभ है।
- वनों में रहने वाले जन्तु के नाम बताइए।

**टीप:** इसके अतिरिक्त शिक्षक और भी गतिविधियों का उपयोग कर सकते है।

| दक्षता – 3 |
|---|
| **आदिवासी, चरवाहा और बंजारा (घुमक्कड़) आदि की आजीविका संबंधी व्याख्या कर पाता है।** |
| **सुझावात्मक गतिविधि** |

1. शिक्षकों द्वारा बच्चों को समूहों में विभाजित कर आदिवासी, चरवाहा और बंजारा का अलग-अलग रोल प्ले या फैंसी ड्रेस एवं नृत्य से संबंधित चित्र दिखाकर या रोल प्ले कराकर उनसे संबंधित प्रश्न पूछ सकते हैं।

2.आदिवासी चरवाहा और बंजारा के बारे में बच्चों से समूह में उनकी सूची तैयार करेंगे एवं तैयार सूची में से संबंधित प्रश्न पूछेंगे।

| | आदिवासी | चरवाहा | बंजारा |
|---|---|---|---|
| खानपान | | | |
| रहन सहन | | | |
| वेशभूषा | | | |
| आजीविका के साधन | | | |

| दक्षता – 4 |
|---|
| चुनाव प्रक्रिया का क्रमबद्ध वर्णन कर पाता है। |
| **सुझावात्मक गतिविधि** |

1. स्थानीय सरकार ग्राम पंचायत के सदस्यों का नाम लिखिए-

| ग्राम पंचायत के सदस्यों के नाम – |
|---|
| • |
| • |
| • |

2. चुनाव प्रक्रिया का सही क्रम बनाईये -

- चुनाव परिणाम
- मतदान
- चुनाव प्रचार
- नामांकन

| दक्षता – 5 |
|---|
| संचार के साधन- दूरदर्शन, रेडियो, मोबाइल, इंटरनेट आदि का विश्लेषण कर पाता है एवं विज्ञापनों में अपनी राय देता है। |
| **सुझावात्मक गतिविधि** |

1. चित्रों के माध्यम से पुराने एवं आधुनिक संचार के साधनों को पहचान कर अंतर बताएगा।
2. बच्चे गांव/शहरों में विज्ञापन के क्या-क्या साधन है। सूची बनाएंगे।










- स्वच्छता/जागरूकता संबंधित कौन से विज्ञापन देखते हैं, उनके चित्र/पोस्टर बनाइए।
- आपके घर एवं शाला में कौन-कौन से समाचार पत्र आते हैं उनके नाम लिखिए।
- आप नियमित रूप से कौन-सा समाचार पत्र पढ़ते हैं नाम लिखिए।
- बच्चे अपने माता-पिता से चर्चा करके उनके समय में टी.वी. पर और वर्तमान समय में दिखाई जाने वाली कार्यक्रमों की सूची बनाएंगे।

**टीप:-** इसी प्रकार शिक्षक द्वारा और भी प्रश्न पूछे जा सकते हैं।

# सुघ्घर पढ़वईया

## दक्षता आधारित प्रशिक्षण संदर्शिका

## सामाजिक विज्ञान

## कक्षा 8




राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़

| कक्षा:- 8वीं | विषय:- सामाजिक विज्ञान |
|---|---|
| **दक्षता – 1** | |
| **प्राकृतिक एवं मानव निर्मित संसाधनों में अंतर एवं विश्लेषण कर पाता है ।** | |
| **सुझावात्मक गतिविधि** | |





शिक्षक चित्र दिखाते हुए प्रश्न करेंगे –

1. आपके घर,कक्षा एवं आसपास में उपयोग किए जाने वाले संसाधनों की सूची बनाने को कहेंगे ।
   - बनायी गयी सूची पर चर्चा करेंगे|
   - सूची अनुसार मानव संसाधनों व प्राकृतिक संसाधनों को अलग–अलग करेंगे।

2. मानव संसाधन, प्राकृतिक संसाधन को किस प्रकार प्रभावित कर रहा है इस पर चित्र बनवाइए जैसे- फैक्ट्री का चित्र धुआं निकलता हुआ जिससे जल, वायु, पेड़ पौधे को प्रभावित कर रहा है ऐसा चित्र भी बनवा सकते है।
   - बनाए गये चित्रों पर शिक्षक चर्चा करेंगे - पोस्टर, चित्र, विडियो, नाटक द्वारा भी बताया सकता है ।

| **दक्षता – 2** |
|---|
| **विभिन्न क्षेत्रों (जलवायु, मिट्टी आदि के आधार पर) की खेती और उसके विकास के बीच अंतर कर पाता है।** |
| **सुझावात्मक गतिविधि** |

1.छत्तीसगढ़ को किस नाम से पुकारा जाता है?
आपेक्षित उत्तर – धान का कटोरा।

- फसल उगाने का कार्य खेती कहलाता है। यह समझाते हुए आधुनिक खेती व पारंपरिक खेती पर तुलना करेंगे।
- वर्तमान काल व आधुनिक काल की खेती से संबंधित तालिका बनवा सकते है, जिसमें फसल,बीज,औजार आदि आधुनिक खेती व पारंपरिक खेती का चित्र व विडियो का प्रयोग किया जा सकता है।

2. शिक्षक बच्चों की सहायता से गेहूं, चावल, ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, तिलहन, दलहन के आदि बीजों को एकत्र कर उसे कक्षा में दिखाकर पूछें कि उन्हें किस प्रकार की मिट्टी, जलवायु, तापमान आदि की आवश्यकता होती है।








| दक्षता – 3 |
| --- |
| **भारत की आजादी के लिए किए गए महत्वपूर्ण आंदोलनों को जानता है।** |
| **सुझावात्मक गतिविधि** |

1. गांधी जी द्वारा चलाये गये विभिन्न आंदोलनों के संबंध में प्रश्न करेंगे।
   - भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, सुभाषचंद्र बोस, रानी लक्ष्मी बाई, आदि स्वतंत्रता सेनानियों के चित्रों द्वारा इनकी जीवनी पर प्रश्न करेंगे ।
2. अपने राज्य के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के बारे में चित्र सहित जानकारी एकत्र कर लिखिए तथा स्रोत भी बताइए ?
   - स्वतंत्रता आंदोलनों से संबंधित विडियो, नाटक भी करा सकते हैं इनके अलावा भी देश भक्तिगीत, नारा द्वारा भी समझाया जा सकता है।







| दक्षता – 4 |
| --- |
| **राज्य सरकार व केंद्र सरकार में अंतर को समझता है तथा उदाहरण भी दे पाता है।** |
| **सुझावात्मक गतिविधि** |

1. राज्यों में कार्य करने वाली सरकार राज्य सरकार कहलाती हैं जैसे – छत्तीसगढ़ राज्य की सरकार।

केंद्र में कार्य करने वाली सरकार केंद्र सरकार कहलाती है जैसे – दिल्ली की सरकार।

2. राज्य सरकार में मुख्यमंत्री व केंद्र सरकार में प्रधानमंत्री मुख्य होता है। राज्य एवं केंद्र सरकार के मुख्य कार्य निम्नानुसार है -

राज्य सरकार के कार्य – शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि

केंद्र सरकार के कार्य – सुरक्षा, बैंक, रेल सेवा

शिक्षक राज्य सरकार के एवं केंद्र सरकार के अन्य कार्यों को छात्रों से पूछेंगे।

| दक्षता - 5 |
|---|
| मानचित्र में पड़ोसी देश, राज्य, राजधानी आदि को अंकित कर पाता है। |
| **सुझावात्मक गतिविधि** |



1. भारत के मानचित्र में निम्नांकित अंकित करेंगे -
   - भारत के पूर्व में कौन-कौन से राज्य स्थित है।
   - श्रीलंका भारत की किस दिशा में स्थित है।
   - भारत का हृदय स्थल राज्य कौन-सा है।

2. भारत के मानचित्र को देखकर दो पड़ोसी देशों के नाम बताईये ।

| **दक्षता – 6** |
|---|
| फसल व खनिज को मानचित्र में अंकित कर पाता है। |
| **सुझावात्मक गतिविधि** |

1. भारत के मानचित्र में निम्नांकित को पहचान कर अंकित करेंगे -
   - सोना उत्पादित करने वाले राज्य
   - धान उत्पादन करने वाले राज्य
   - चाय उत्पादन करने वाले राज्य
   - कपास उत्पादित करने वाले राज्य

2. शिक्षक बच्चों से छत्तीसगढ़ के मानचित्र में फसल व खनिज उत्पादन करने वाले राज्य जिले को अंकित कराएगे ।